# सरोकार रखने वाले समुदाय शपथ-पत्र

## समुदाय के सदस्यों के लिए कार्य-पत्र



पुनर्वितरण सुनवाई में अपने "सरोकार रखने वाले समुदाय" के शपथ-पत्र साझा करना, अपने समुदाय के जिला मानचित्र को आने वाले अगले दशक के लिए आकार देने का एक शक्तिशाली तरीका है। केवल थोड़ी सी तैयारी के साथ, इसे आसानी से किया जा सकता है।

**अपने समुदाय का वर्णन किसी ऐसे मित्र को करने की कल्पना करें, जो वहां जाना चाहता है।**

आपका समुदाय आपके ब्लॉक, आपके पड़ोस के संघ, के समूह जितना छोटा हो सकता है, जहां सभी अपने बच्चों को समान स्कूल में भेजते हैं या समान लिटिल लीग में भाग लेते हैं। या यह विस्तृत हो सकता है, जिसमें आपके शहर या काउंटी के सभी लोग, जो आपके जैसी ही भाषा बोलते हैं, हर कोई जो अपने घरों को किराए पर देते हैं और बिलों का भुगतान करने के लिए संघर्ष करते हैं, या शहर के किसी विशेष हिस्से में हर कोई जो कम निवेश और खराब सेवाओं से पीड़ित हैं।

### सरोकार रखने वाले समुदाय क्या हैं?

सरोकार रखने वाले समुदाय आपके समुदाय हैं। यह आपके पड़ोस, नेटवर्क, या लोगों का समूह हो सकता है जिनका समुदाय में समान अभिरुचि है और जिन्हें एक जिले में समूहित किए जाने से लाभ होगा। आप और आपके पड़ोसी आम तौर पर क्या साझा करते हैं, जब आस पास के समुदाय की तुलना करें तो वह क्या है जो आपके समुदाय को विशिष्ट बनाता है, इसे वर्णन करने के लिए साधारण तरीके के बारे में सोचें। याद रखें – आप अपने समुदाय के विशेषज्ञ हैं!



### सरोकार रखने वाले समुदाय क्यों महत्वपूर्ण है?

पुनर्वितरण में सरोकार रखने वाले समुदायों को एक साथ रखना एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। यह उन समुदायों के लिए विशेषतः लाभकारी हो सकता है जो परंपरागत रूप से राजनीतिक प्रक्रिया से वंचित रह चुके हैं । समुदाय के सदस्य नक्शा बनाने वाले, जो पुनर्वितरण प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे हैं, उनको अपनी कहानियाँ बताकर और अपनी चिंताओं को जाहिर कर अपने समुदायों को परिभाषित कर सकते हैं।

पुनर्वितरण प्रक्रिया में सरोकार रखने वाले समुदायों को एक रखना आपके राज्य में पुनर्वितरण मानदंड हो सकते हैं या न्यायालयों द्वारा प्रासंगिक विचार के रूप में मान्यता प्राप्त हो सकते हैं। यह कार्य-पत्र आपके बुनियादी तत्व का एकमार्गदर्शक हैंजौ आपका समुदायको वर्णन करने में मदद करेगा आपके पुनर्वितरण निकाय को, जो आपकी नगर परिषद, पर्यवेक्षकों का मण्डल, या जिला स्कूल, राज्य विधानमंडल या पुनर्वितरण आयोग हो सकता है।

**सुझाव: पुनर्वितरण का प्रभारी कौन है, इसकी जांच करें। पता करें कि क्या बोलने की समय सीमा है। आगे की योजना बनाएँ।**

# आदर्श आलेख

नमस्ते, मेरा नाम _________________________________. है। मैं__सालों से____के [समुदाय/शहर] में [रह/कार्य] कर रहा हूँ। मैं चाहूँगा कि आप मेरे समुदाय, [समुदाय का नाम] को एक साथ रखें।

## [अपने समुदाय का वर्णन करें....]

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

_______________________________________________________________

अपने समुदाय का नाम दें। अपने साझा रुचियों और साझा विशेषताओं को बताकर अपने समुदाय को परिभाषित करें। इसमें आपके समुदाय में रहने वाले लोगों का वर्णन, आपके समुदाय के इतिहास और संस्कृति के बारे में कहानियाँ, या आपके समुदाय की विशेष मांगो का वर्णन शामिल हो सकता है। अपने समुदाय को वर्णन करने का कोई सही या गलत तरीका नहीं होता है। केवल यह सुनिश्चित करें कि उसी बारे में बात करें जो आपके समुदाय के लोगों को जोड़ता है। चूंकि आपको अपने सरोकार रखने वाले समुदाय का किस प्रकार वर्णन करना है, यह उल्लेख करना हैं तो इन प्रश्नों के बारे में सोचें।



- ·आपके समुदाय में कौन रहता है?
- ·वे जीविका उपार्जन के लिए किस प्रकार के काम करते हैं?
- ·किस प्रकार के आवास आम हैं?
- ·लोगों को किस प्रकार के सरकारी सेवाओं की आवश्यकता है?
- ·क्या ऐसे सामाजिक या नागरिक समूह हैं जिनसे लोग संबन्धित हैं?
- ·क्या ऐसे प्रमुख स्थान हैं जहां लोग एकत्रित होते हैं, जैसे सामुदायिक केंद्र, स्कूल, गिरजाघर, मंदिर, पड़ोस संघ, या पार्क?
- ·क्या आपको स्थानीय राजनीतिक मुद्दों में आम रुचि है, जैसे स्कूल वित्त पोषण, अस्पताल तक पहुँच, स्वास्थ्य या पर्यावरणीय समस्याएँ, या अन्य मुद्दे?
- ·क्या आपके समान जाति या नस्ल हैं? आप्रवास इतिहास? बोले जाने वाली भाषा?
- ·क्या आपका समुदाय सामाजिक–आर्थिक विशेषताओं, जैसे आय स्तर या शिक्षा स्तर को साझा करता है?
- ·क्या आपके पड़ोस में कोई उत्सव या परम्पराएँ, जैसे स्ट्रीट फेस्टिवल या परेड होता है?
- ·कौन से गैर–लाभकारी या सेवा प्रदाता समुदाय को सेवा प्रदान करते हैं?
- ·क्या बड़े नियोक्ता हैं? क्या बहुत सारे छोटे व्यवसाय हैं?
- ·आपके समुदाय के साथ आने का क्या इतिहास है? समय के साथ आपका समुदाय कैसे बदला है?

# आदर्श आलेख

**मेरा समुदाय स्थित है:**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

आधिकारिक जिला मानचित्र बनाने वाले प्रभारी लोगों को यह जानने की आवश्यकता होगी कि आपका समुदाय प्राकृतिक रूप से कहाँ स्थित है ताकि वे सभी को एकत्रित और एक ही जिले में रख सकें। यहाँ कुछ प्रश्न हैं जो आपको अपने समुदाय के स्थान का वर्णन करने में आपकी सहायता करेंगे।



- ·आपके समुदाय की सीमाओं से लगने वाली वे कौन सी सड़कें या सीमाएँ हैं?
- ·प्रमुख स्थल क्या हैं: जैसे नदियां, पार्क, खरीदारी क्षेत्र, ऐतिहासिक स्थल, इत्यादि?
- ·सभा स्थल और सेवा प्रदाताएँ कौन से हैं: स्कूल, समुदाय केंद्र, धार्मिक स्थानों, और सामाजिक सेवा संस्थाएँ?
- ·क्या वर्तमान राजनीतिक जिले की सीमाएँ आपके समुदाय को विभाजित करते हैं? या ये आपके समुदाय को एकजुट रखते है?

**मेरा समुदाय इन पड़ोसियों के समान है:**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**मेरा समुदाय इन पड़ोसियों के समान नहीं है:**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

## आपके समुदाय को विशिष्ट क्या बनाता है:

समुदाय के मुद्दों और इतिहास पर प्रकाश डालें (यदि संभव हो तो व्यक्तिगत जानकारी बताएं), यह निर्वाचित अधिकारियों, जो आपकी आपके समुदाय की जरूरतों को समझते हैं और उसका उत्तर देते हैं, के चुने जाने के महत्व को बताने में मदद करता है। किस प्रकार आपके समुदाय को आपके निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सुने जाने की आवश्यकता है, यह दिखाने के लिए सामुदायिक चिंताओं के बारे में आंकड़े और कहानियाँ साझा करें।

- क्या आपका समुदाय महत्वपूर्ण सेवाओं, जैसे व्याख्या करने वाली जानकारी या आपके पड़ोस में स्वास्थ्य केन्द्रों की वकालत के लिए एक साथ आया है?
- क्या आपने कभी एक साथ जीता या परम्पराओं की एक साथ स्थापना की है?
- आपके आवाज़ को नजरंदाज करने के कारण आपको किस प्रकार का नुकसान उठाना पड़ा है, जैसे पास के संयंत्र या रास्तों से हुए प्रदूषण के कारण खराब स्वास्थ्य? इन मुद्दों को सुलझाने के लिए कौन सी चुनौतियाँ हैं?

## अंत में.....



ज़ोर दें कि आपके समुदाय के लिए नए जिला मानचित्र में एक साथ रखा जाना क्यों महत्वपूर्ण है। पुनर्वितरण निकाय (नगर परिषद, स्कूल बोर्ड, आयोग, इत्यादि) के सदस्यों का शुक्रिया अदा करें, उन्हें एक लिखित घोषणा पत्र या सामग्री प्रदान करें, अपने समुदाय के सदस्यों को स्वीकार करें और उपस्थिति में भागीदार बनें, और अपने लक्ष्यों को पुनः बताएं।